भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **2307**
सोमवार, 8 जुलाई, 2019/17 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## नासिक में पर्यटन अवसंरचना का विकास

2307. डॉ॰ भारती प्रवीण पवारः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा महाराष्ट्र के नासिक में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए क्या कार्य निष्पादित किए गए हैं;
(ख) सरकार द्वारा अब तक उक्त कार्यों के लिए आवंटित/उपयोग की गई राशि का ब्यौरा क्या है; और
(ग) उक्त धनराशि से अब तक निष्पादित किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

**(**क) से (ग): पर्यटन अवसंरचना निर्माण कार्य का निष्पादन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों की जिम्मेदारी है । तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी योजनाओं अर्थात् "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" **(**प्रशाद) और "देश में थीम आधारित पर्यटक परिपथ का एकीकृत विकास, स्वदेश दर्शन (एसडी) योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के प्राप्त होने पर पर्यटक स्थलों के अवसंरचना विकास और सौन्दर्यीकरण हेतु निधियों की उपलब्धता, पूर्व में जारी निधि के सापेक्ष लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के परिसमापन तथा संगत योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन की शर्त पर केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा नासिक, महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजना का विवरण निम्नानुसार है:

i. वर्ष **2017-18** में प्रशाद योजना के अंतर्गत **37.81** करोड़ रु. की राशि से अनुमोदित "जिला नासिक में त्रियम्बकेश्वर का विकास" । अभी तक **8.49** करोड़ रु. की राशि जारी की गई है ।

उपरोक्त के अतिरिक्त स्वदेश दर्शन योजना के तहत महाराष्ट्र के अन्य क्षेत्रों में पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

**i.** वर्ष **2015-16** में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत **82.17** करोड़ रु. की लागत से अनुमोदित "सिंधुदुर्ग में विकास" । **12.79** करोड रु. की राशि को अभी तक जारी किया गया है ।

**ii.** वर्ष **2017-18** में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत **54.01** करोड़ रु. की लागत से "वाकी-अदासा-धापेवाड़ा-परादसिंहा-छोटा ताज बाग-तेलंखंडी-गिराद का विकास" अनुमोदित । राज्य सरकार द्वारा निविदा प्रक्रिया को पूरा किए जाने के बाद पहली किस्त जारी की जाएगी ।

*******